NHSRCL
National High Speed Rail Corporation Ltd.

RAJASTHAN PATRIKA, Surat, 22.10.2020
Page No. 3, Size:(16.50)cms X (20.03)cms.

अहमदाबाद होगा देश का पहला ऐसा रेलवे स्टेशन

ऊपर दौड़ेगी बुलेट ट्रेन बीच में ट्रेन और नीचे मेट्रो

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

गांधीनगर. गुजरात के सबसे प्रमुख शहर अहमदाबाद का रेलवे स्टेशन विश्वस्तरीय बनेगा। यह देश का ऐसा पहला रेलवे स्टेशन होगा जहां ऊपर बुलेट ट्रेन दौड़ेगी, अंडरग्राउंड में मेट्रो ट्रेन और बीच में रेलगाड़ी दौड़ेगी। इस रेलवे स्टेशन पर मॉल, होटल और अस्पताल भी होंगे। फिलहाल रेल भूमि विकास प्राधिकरण (आरएलडीए) ने अहमदाबाद रेलवे स्टेशन को विकसित करने के लिए डिजाइन की कवायद शुरू की है। फिलहाल अहमदाबाद रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म 10 से 12 पर नेशनल हाईस्पीड रेलवे कॉर्पोरेशन (एचएचआरसीएल) बुलेट ट्रेन स्टेशन विकसित करने में जुटा है। संभवतः अगले वर्ष से काम शुरू हो जाएगा। वहीं मेट्रो ट्रेन अंडर ग्राउंड स्टेशन काफी हद तक तैयार हो चुका है। यहां से मेट्रो ट्रेन अंडरग्राउंड होकर दौड़ेगी।

इस स्टेशन पर अस्पताल, होटल, मॉल, वेयरहाउङ्क्षसग जैसी सुविधाएं होंगी। इससे वाणिज्यिक विकास भी होगा। रेलवे स्टेशन के निर्माण से संबंधित कार्य, सुविधाएं, आवश्यक संरचना और प्रोजेक्ट के मास्टर प्लान में वाणिज्यिक विकास को शामिल किया गया।

ऐतिहासिक विरासत रहेगी बरकरार

अहमदाबाद रेलवे स्टेशन गुजरात का सबसे बड़ा रेलवे स्टेशन है। साथ ही यह हेरिटेज शहर भी है। इसलिए ऐतिहासिक विरासत को बरकरार रखकर इस स्टेशन का कायाकल्प किया जाएगा। स्टेशन परिसर में सिद्दी बशीर मस्जिद की दो मीनारें भी हैं, जिन्हें एक संरचनात्मक विरासत के तौर पर देखा जाता है।

फिलहाल अहमदाबाद रेलवे स्टेशन को विकसित करने के लिए ऑनलाइन बोली मंगाई गई हैं। बोली प्राप्त करने वाले को स्टेशन के पुनर्विकास के लिए व्यवहार्यता अध्ययन, विस्तृत मास्टर प्लानिंग, अर्बन डिजाइनिंग, और इंजीनियरिंग तथा विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने होंगे। पुनर्विकास का उद्देश्य स्टेशन के ऐतिहासिक धरोहर को प्रभावित किए बिना, समय की मांग के अनुरूप स्टेशन पर अत्याधुनिक यात्री सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

वेद प्रकाश दुडेजा, उपाध्यक्ष, आरएलडीए

आगमन-प्रस्थान के लिए होगी अलग सुविधा

नए स्टेशन पर आगमन और प्रस्थान के लिए अलग सुविधा होगी। यह मल्टी-मॉडल परिवहन एकीकरण के साथ सड़क कनेक्टिविटी, सुरक्षा और निगरानी प्रणाली समेत अन्य सुविधाएं विकसित होंगी। यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

52 हजार से ज्यादा यात्री करते हैं सफर

अहमदाबाद रेलवे स्टेशन पर 12 प्लेटफार्म हैं। इस स्टेशन से प्रतिदिन औसतन लगभग 52,843 यात्री यात्रा करते हैं।

पर्यटन, रियल एस्टेट में आएगी तेजी

रेलवे की जमीन पर और प्रोजेक्ट रेलवे स्टेशन के ऊपर रियल एस्टेट परिसंपत्ति का विकास होगा। स्मार्ट सिटी पहल के साथ मिलकर यह पुनर्विकास आसपास के क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देगा और साथ ही रियल एस्टेट क्षेत्र में तेजी आएगी।